# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 2 अक्टूबर 2024


तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


13 प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ...





14 सेजस स्कूल देवभोग में एनसीसी कैडेट्स...






## दवा छिड़काव के बाद 20 एकड़ में लगी धान की फसल खराब, मुआवजे की मांग

### किसान बोले- दवा खराब, कीटनाशक, फफूंदनाशक व पौधों की वृद्धि के लिए किया था छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

कीट नाशक, फफूंदनाशक, पौधों की वृद्धि के लिए कृषि केंद्र से खरीदी गई दवा के छिड़काव के बाद जिले के ग्राम बेलटुकरी व सुरसाबांधा में लगी 20 एकड़ धान की फसल खराब हो गई है। वहीं प्रभावित किसानों ने दवा पर प्रतिबंध लगाने व मुआवजे की मांग की है। जानकारी अनुसार फफूंदनाशी दवाई सॉलिड के छिड़काव से किसानों का फसल जलकर नष्ट हो गया है। यह जानकारी देते हुए ग्राम बेलटुकरी के किसान दीनदयाल यादव, राजकुमार साहू, तुलस साहू, देवनाथ साहू, तेजराम साहू, हरिश्चन्द साहू, ग्राम सुरसाबांधा के किसान रोशन साहू ने बताया कि चंद्रा कृषि केंद्र बेलटुकरी से फफूंदनाशक दवाई खरीदकर अपने धान फसल में छिड़काव किया था जो पांच दिन बाद झुलसने लगा। ये किसान इसकी जानकारी दवाई विक्रेता दुकानदार डेनिस साहू के माध्यम से कंपनी के एरिया मैनेजर को दिए। कंपनी द्वारा दूसरे खेत में लगे धान फसल में प्रदर्शन के रूप में छिड़काव किया गया था जो करीब एक सप्ताह में जलना शुरू हो गया। प्रदर्शन डलवाने के बाद कंपनी के लोग आना ही बंद कर दिए। जिससे नाराज होकर बेलटुकरी, सुरसाबांधा के किसानों ने कृषि विभाग को शिकायत किया है।



#### दवा पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग

किसान नेता तेजराम विद्रोही ने बताया की दवा के छिड़काव से लगभग 20 एकड़ की फसल खराब हुई है। जिससे दवा पर प्रतिबंध लगाया जाए। इस आशय की जानकारी देते हुए क्षेत्र के और तमाम किसानों को कोई नुकसान न हो इसके लिए आगाह किया गया है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन जिला गरियाबंद के संयोजक मदन साहू ने कहा कि सॉलिड दवा पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्ध लगाया जाए।



### हादसा : मौके पर ही पति की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

## रजनकटा-पांडुका मार्ग पर दो बाइक आपस में टकराई, 2 की मौत, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

रजनकटा पांडुका मार्ग के यादव होटल के पास दो बाइक आपस में टकरा गई। जिसमें मौके पर ही एक युवक की मौत व बीती रात्रि लोकेश्वर यादव का रायपुर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। 3 अन्य बाइक वाले गंभीर रूप से घायल हैं। घटना बीती रात्रि सोमवार की है लगभग 8 बजे की है जिसमें पंडरीतराई के 3 युवक पाण्डुका से अपने गांव जा रहे थे और तीनों लोग एक बाइक में सवार थे। दूसरा बाइक जो रजनकटा से पाण्डुका तरफ आ रहे थे जो कोसमी गरियाबंद के रहने वाला था इस यादव दंपत्ति जो अपने परिवार सहित जिसमें 2 साल की बच्ची भी थी। आपस में टकराई बाइक से कोसमी निवासी 1 युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। तो वहीं उसकी बीवी की हालत गंभीर थी जिसे अस्पताल भेजा गया है। साथ ही उनके दो वर्ष की बच्ची सकुशल थी। तो वहीं पंडरीतराई के तीन युवक जो एक बाइक में सवार थे गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें पांडुका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से फिर रायपुर रिफर कर दिया गया।

■ हादसे में 2 साल की बच्ची दूर जा गिरी, सकुशल







#### घायलों का चल रहा इजाज

जिसमें से बीती रात्रि लोकेश्वर यादव पिता मोतीराम यादव 23 वर्ष का रायपुर अस्पताल में मौत हो गया तो दूसरे युवक खुमान साहू पिता तेजराम साहू 21 गंभीर रूप से घायल बताए जा रहें। जिसका रायपुर के अस्पताल में इलाज चल रहा है तो तीसरे अभिषेक ध्रुव पिता पंच राम ध्रुव 20 वर्ष नयापारा में इलाज चल रहा है। इस दुर्घटना को देखने वालों का हुजूम उमड पड़ा जिसने भी देखा सब की आंखें नम हो गई। इस एक्सीडेंट में बच्ची सड़क किनारे दूर जा गिरी वहीं उसके पिता की मौके पर मौत हो गया था।

## सर्वे सूची में नाम होने के बावजूद बुधयारिन को नहीं मिल रहा पीएम आवास

मकान कच्चा होने से बारिश के दिनों में जगह-जगह से टपकता है पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

छुरा विकास खण्ड के ग्रामीण क्षेत्र में आज भी गरीबी रेखा सर्वे सूची में नाम होने के बावजूद हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रही है। हितग्राही जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के चक्कर काटने को मजबुर है। जनपद पंचायत छुरा के कईयो हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रही है। ग्राम पंचायत सोरिद खुर्द के विधवा महिला बुधयारिन बाई निषाद पति स्व संतुराम निषाद प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए जनपद एवं जिला के चक्कर लगाते लगाते थक चुकी है उन्होंने बताया कि छुरा जनपद में जा कर सर्वे सुची जांच कराई गई जिसमें 78 नंबर पर उसका नाम दिखाया जा रहा है लेकिन जिला पंचायत में सर्वे सुची में नाम नहीं होने से उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बुधयारिन बाई निषाद को कच्चे मकान में रह कर जिवन यापन करना पड़ रहा है। कच्चे मकान में बारिश के दिनों में पानी जगह-जगह से टपकता है। केवलु की मरम्मत कराते- कराते थक चुकी हैं। बंदरों के उत्पात मचाने से केवलु टूट गया है जिससे पानी टपकता है। प्रधानमंत्री आवास मिल जाए तो इस विधवा की समस्या दूर हो सकती है जिसको देखते हुए गरीब विधवा महिला ने शासन प्रशासन से गुहार लगाई है की जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

### खबर संक्षेप




#### देवी-मंदिरों व देव स्थलों में तैयारी पूरी, कल से होंगे ज्योत प्रज्ज्वलित

**मैनपुर।** शक्ति की आराधना उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र 03 अक्टूबर से क्षेत्र भर के देवी- मंदिरों में तैयारी पूरी मैंनपुर आश्विनशारदीय नवरात्र का पर्व 3 अक्टूबर दिन गुरुवार से प्रारंभ हो रहा है जिसके लिए मैनपुर क्षेत्र भर के देवी- मंदिरों देव स्थलों में तैयारी की जा रही है। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मैनपुर फुलझर स्थित मां भगवती मंदिर उदंतेश्वरी उदंती स्थित उ दंतेश्वरी मंदिर, बाजाघाटी देवी स्थल पैरीउद्गम स्थल शिव मंदिर सहित सभी देवी स्थलों पर नवरात्र की तैयारी अंतिम चरण में है। मैनपुर वन विभाग कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष आश्विन नवरात्र 3 अक्टूबर दिन गुरुवार से प्रारंभ हो रहा है। प्रथम दिवस पर घटस्थापना कर जवांरा बोया जाएगा। घटस्थापना ज्योत कलश स्थापना दिन 11.36 से 12 .24 के मध्य अभिजीत मुहूर्त में किया जाएगा। श्री पंचमी 7 अक्टूबर दिन सोमवार को है इस दिन माता का विशेष श्रृंगार होता है एवं श्री दुर्गा अष्टमी महाष्टमी पर हवन 11 अक्टूबर दिन शुक्रवार को सायं 3:00 बजे से दुर्गा मंदिर में प्रारंभ होगी। महानवमी 12 अक्टूबर दिन शनिवार को मनाया जाएगा। इस दिन प्रातः 6:00 बजे जवारा विसर्जन एवं कन्या पूजन प्रातः 9:00 बजे से प्रारंभ होगी। मनोकामना ज्योत कलश के लिए श्रद्धालुओं के नामों की पंजीयन की जा रही है। मैनपुर क्षेत्र के सभी देवी स्थलों में नवरात्र की तैयारी एवं शक्ति की आराधना के लिए भक्तजन पूरे उत्साह के साथ लगे हुए हैं।

#### कल होंगे ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकास खण्ड के अंतिम छोर के सोरिद खुर्द ग्राम से एक दो किलोमीटर की दूरी पर निर्जन पहाड़ी, प्राकृतिक झरना मनोरम दृश्य शील पर अदृश्य दिव्य स्वरुपी रमई पाठ धाम की गोद पर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित एवं कलश स्थापना गुरुवार तीन अक्टूबर सुबह 11.36 बजे से 12.24 बजे तक शुभारंभ किया जाना है। जिसके तैयारी जय मां रमई पाठ धाम सेवा समिति सोरिद खुर्द अंचल द्वारा पूरी हो चुकी हैं। जिस किसी श्रद्धालु को मनोकामनाएं ज्योति कलश स्थापना करना है वह 2 अक्टूबर दिन बुधवार को सुबह से लेकर शाम तक समिति के सदस्यों से संपर्क करें ज्योति कलश स्थापना करा सकते हैं। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष गैदूराम पटेल ने दी।



#### स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन आज

**गरियाबंद।** भारत सरकार द्वारा 02 अक्टूबर को जिला स्तर पर स्वच्छता ही सेवा एवं सम्पूर्णता अभियान समापन कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में गरियाबंद के गांधी मैदान में 02 अक्टूबर को सुबह 10 बजे स्वच्छता ही सेवा एवं सम्पूर्णता अभियान समापन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू एवं बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव शामिल होंगे। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन ⏭ शेष पेज 12 पर

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनों का हुआ सम्मान

## जिले के वृद्धजनों को वाकिंग स्टिक व श्रवण यंत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद




अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर गरियाबंद के वन विभाग ऑक्सन हॉल में वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिलेभर से लगभग 500 वृद्धजन शामिल हुए। उन्हें शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया और वाकिंग स्टिक तथा श्रवण यंत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कोपरा की प्रभात भजन मंडली ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को और भी भावपूर्ण बना दिया। नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन और जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने इस अवसर पर उपस्थित होकर वृद्धजनों का सम्मान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि वृद्धावस्था में बुजुर्गों की देखभाल और सेवा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बुजुर्ग समाज और परिवार के मार्गदर्शक होते हैं, और सभी को उनका आदर और सम्मान करना चाहिए। उन्होंने वृद्धजनों से आग्रह किया कि वे अपने नाती-पोतों को ज्ञानवर्धक बातें और संस्कार प्रदान करें, जिससे बच्चों का बेहतर विकास हो सके। कार्यक्रम के दौरान मेमन ने घोषणा की कि इंडोर स्टेडियम के पास वृद्धजनों की सुविधा के लिए एक भवन निर्माण के लिए 10 ⏭ शेष पेज 12 पर

## 190 लीटर अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

आबकारी विभाग गरियाबंद ने जिला कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के आदेशानुसार और सहायक आयुक्त आबकारी पीके नेताम के मार्गदर्शन में ग्राम पंटोरा पहाड़ी के नीचे अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही की। इस दौरान 190 लीटर हाथ भट्ठी से बनी कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। प्रकरण के अनुसार, अज्ञात आरोपी द्वारा 05 प्लास्टिक डिब्बों में 75 लीटर, 01 प्लास्टिक बाल्टी में 15 लीटर और 10 प्लास्टिक जरकिनों में 100 लीटर हाथ भट्ठी शराब भरी हुई थी। इस कार्रवाई के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है, और प्रकरण की विवेचना जारी है। इस अभियान में आबकारी उपनिरीक्षक नागेश राज श्रीवास्तव, परीक्षावधीन उपनिरीक्षक रजत चंद ठाकुर, आबकारी आरक्षक पीतांबर चौधरी, मुख्य आरक्षक शंकर लाल ध्रुव, वाहन चालक शैलेंद्र कुमार कश्यप और सैनिक संजय नेताम व मनीष कश्यप का सराहनीय योगदान रहा।







## गोना से ओडिशा को जोड़ने वाली सड़क जर्जर

**मैनपुर।** जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़क की गुणवत्ता को लेकर हमेशा सवाल उठती रही है। बेहाल- गोना से ओडिशा को जोड़ने वाले सड़क में कुछ वर्ष पहले करोड़ों की लागत से निर्माण किए गए प्रधानमंत्री सड़क की हालत बद से बदत्तर है। यह क्षेत्र आजादी के सात दशक बाद भी सड़क के अभाव में विकास क्रम से पिछड़ गया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने बताया कि कई बार इस सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया चुका हैं। आए दिनों इस सड़क में लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। जल्द सड़क निर्माण कार्य होना चाहिए।

### सब्जी के साथ-साथ खाद्य तेल महंगा होने से लोग परेशान


## त्योहारी सीजन में महंगाई ने बिगाड़ा रसोई घर का बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



प्रमुख वार्षिक त्यौहारो नवरात्र दशहरा दिवाली के समय खाद्य पदार्थ सब्जियों आदि में एकाएक महंगाई यानी मूल्य बढ़ जाने से उपभोक्ता विशेष कर रसोई घर संचालित करने वाली महिलाओं का बजट न सिर्फ गड़बड़ा गया है साथ ही खाने की थालियो का स्वाद भी बिगड़ रहा है पिछले मात्र 10- 12 दिनों में 1450 – 1500 प्रति टीपा मिलने वाला खाद्य तेल 2100- 2250 तक बिक रहा है। नवरात्रि के चलते तेलों में हुई इस अप्रत्याशित वृद्धि से दैवीय मंदिरों में मां के समक्ष जलने वाले ज्योत का बजट मंदिर संचालकों के लिए गले की फांस बन गया है ऐसे ही महंगाई एवं मूल्य वृद्धि हटरी बाजारों में टमाटर प्याज लहसुन में दिख रही है। त्योहारों से पहले सब्जियों ने भी रसोई का स्वाद और बजट दोनों बिगाड़ दिया है। प्याज -टमाटर का तड़का महंगा हो चुका है। पिछले सप्ताह 50 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा टमाटर शुक्रवार को 80 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिका। प्याज भी 60 रुपये से बढ़ कर 70 रुपये प्रति किलो पर चला गया है। इतना ही नहीं प्याज और टमाटर के तड़के के बाद लहसुन ने भी अपना रंग दिखा दिया है। लहसुन 300 से 320 रुपये किलो की दर से बिक रहा है। लहसुन के बढ़े दामों ने गृहणियों को परेशानी में डाल दिया है। अगले सप्ताह से फेस्टिवल सीजन शुरू होने जा रहा है। जिस कारण अभी सब्जियों के दाम 15 से 20 दिन कम होना मुश्किल है। ऐसे में लोगों को अभी महंगाई से राहत मिलती नजर नहीं आ रही। प्याज के बढ़ते मूल्य पर शासकीय व्यवस्था बनाए जाने पर विधायक जनक ध्रुव ने बताया कि खरीफ की फसल आने में सामान्य से कुछ अधिक देर होने की वजह से प्याज की कीमतों में बढ़ोत्तरी हो रही है। प्याज के लगातार बढ़ते रेट्स की वजह से रायपुर में सफल आउटलेट्स पर 35 किलो प्याज बेचने का निर्णय लिया गया है। बढ़ी कीमतों से उपभोक्ताओं को राहत दिलाने के लिए एनसीसीएफ 20 राज्यों के 54 शहरों में 457 रिटेल स्टोर्स पर सस्ती प्याज बेच रही है। सरकार अब छत्तीसगढ़ रायपुर में 35 के दर प्याज का विक्रय करेगी।

### कांच से भरा पिकअप पलटा



**पाण्डुका।** सोमवार रात लगभग 7.30 बजे पोंड के पास गरियाबंद मुख्य मार्ग पर एक कांच से भरा पिकअप सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। जिसमें कांच भरा हुआ था और जो रायपुर से उड़ीसा जा रहा था। हालाकि इस घटना से कोई जनहानि नहीं हुई है सभी सकुशल है।


पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### शंकर नगर के बीटीआई मैदान पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर

**रायपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छ भारत मिशन शाखा की ओर से 5 जोन के सफाई मित्रों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने सोमवार को शिविर लगाया गया। बीटीआई मैदान शंकर नगर में आयोजित शिविर में जोन 1 , 3, 5, 8 और 9 के सफाई मित्र स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने शिविर स्थल पर पहुंचकर बीपी की जांच करवायी। नगर निगम जोन 3 के शंकरनगर क्षेत्र में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का निरीक्षण करने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित जोन के अधिकारी पहुंचे। निगम आयुक्त ने शिविर का लाभ लेने पहुंचे सफाई मित्रों से चर्चा कर उन्हें मिल रहे योजनाओं के लाभ की जानकारी ली। श्री मिश्रा ने केन्द्र व राज्य सरकार की जनहितैषी योजना के बारे में सफाई मित्रों को अवगत कराया। इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अलावा विद्युत विभाग की पीएम सूर्य घर योजना का जिक्र उन्होंने किया।

### लालपुर के 100 युवाओं ने ली भाजपा सदस्यता



**रायपुर।** भाजपा ग्रामीण मंडल अंतर्गत लालपुर में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सांई रेजिडेंसी के सामने रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विधायक मोतीलाल साहू मुख्य आतिथ्य में सुना गया। जहां लालपुर के 100 युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं विधायक श्री साहू के जनहितैषी कार्यों को देखते हुए भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य आलोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ली। इस कार्यक्रम में लालपुर के डीएन हाइट्स के अध्यक्ष मूर्ति, सिंचाई कॉलोनी के सचिव पवन श्रीवास्तव, मुस्कान रेजिडेंसी के अध्यक्ष श्री जायसवाल, अरिहंत हाइट्स के अध्यक्ष अमित, पैराडाइज होम्स के अध्यक्ष जीतू सोनी, सौरभ जैन, केशव खंडेलवाल ने भी भाजपा

पेज 11 के शेष...

### जिले के वृद्धजनों...

लाख रुपये और फर्नीचर व मनोरंजन सामग्री के लिए 2 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में उन्हें विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया और इनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति फिरतुराम कंवर, जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, प्रेरक संस्था राजिम के अध्यक्ष रामगुलाल सिन्हा, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डीपी ठाकुर, जनपद पंचायत गरियाबंद के सीईओ अमजद जाफरी और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वच्छता ही सेवा....

के लिए विभागीय अधिकारियों को सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। साथ ही विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपे है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। साथ ही हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी की जायेगी। कलेक्टर ने सभी विभागों को समन्वय कर कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिये है। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

# छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के अंतिम दिन शामिल होंगे पायलट

## चौथे दिन डॉ. महंत, सांसद ज्योत्सना महंत, फूलोदेवी, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा चौथे दिन आरंग विधानसभा के भैंसा से निकलकर धरसींवा विधानसभा में प्रवेश कर गयी। यात्रा खरोरा, माठ होते हुये रात्रि विश्राम सारागांव था। कुल 24 किमी की पदयात्रा में भैंसा से सारागांव तक यात्रा में ग्रामीणों तथा क्षेत्रवासियों ने मंच बनाकर जगह-जगह स्वागत किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कार्यकताओं में भी यात्रा को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इसका उद्देश्य प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को जगाना है। प्रदेश की सरकार दिशाहीन हो चुकी है। सरकार का ड्राइवर कौन है किसी को पता नहीं है, सरकार के मंत्रियों



में आपस में विरोधाभास है। उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस की 5 साल सरकार थी जो किसानों, युवाओं, माता, बहनों और प्रदेश के हर वर्ग के लिये काम किया। ईडी, आईटी, सीबीआई कांग्रेस सरकार को बदनाम करने का काम किया। भाजपा छत्तीसगढ़ की न्याय यात्रा से पूरी तरह घबरा गयी है और डर गयी है।

### समापन में शामिल होंगे पायलट

चौथे दिन की यात्रा की यात्रा भैसा से सारागांव तक जायेगी और कल यात्रा सारागांव से आगे बढ़ेगी। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट 2 अक्टूबर को इस यात्रा में शामिल होंगे और साथ-साथ चलेंगे। कांग्रेस इस यात्रा को सामाजिक सौभाग्य के लिये निकाला गया है। भाजपा ने जो सोहाद्र बिगाड़ा है, उसको ठीक करने के लिये निकले है। पूरे समाज के लिये, एकता के लिये, भाईचारा के लिये हम सब पैदल चल रहे हैं।

### यात्रा को मिल रहा लोगों का रिस्पांस : महंत

*नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, छत्तीसगढ़ की न्याय यात्रा के चौथे दिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद सभी लोग शामिल हुये। आम जनता और लोगों रिस्पांस बहुत अच्छा मिल रहा है। कांग्रेस की न्याय यात्रा में लोग जगह-जगह शामिल होकर अपना किसी न किसी भाव से समर्थन दे।*

***ये हुए शामिल :*** *यात्रा के चौथे दिन नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, मोहन मरकाम, डॉ. शिवकुमार डहरिया, अमरजीत भगत, प्रेमसाय सिंह, सांसद ज्योत्सना महंत, फूलोदेवी नेताम, उपाध्यक्ष गुरुमुख सिंह होरा, प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व सांसद छाया वर्मा, अंबिका मरकाम, अम्बिका सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू आदि शामिल हुए।*

### यात्रा की जगह-जगह स्वागत की तैयारी

छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन रायपुर के गांधी मैदान पर होगा। यहां एक बड़ी आमसभा का आयोजन किया जायेगा। न्याय यात्रा के रायपुर आगमन पर शहर के विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया जायेगा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इसके लिए आवश्यक बैठक में प्रदेश महामंत्री मलकित सिंह गेंदू शामिल हुए। उन्होंने कहा, बैठक में रायपुर शहर के समस्त 12 ब्लॉक अध्यक्ष को यात्रा को सफल बनाने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपने ब्लॉको से अधिक से अधिक संख्या मे वार्डो मे कांग्रेस के कार्यकर्ताओ के साथ पहुंचने कहा गया है। वार्डो मे न्याय यात्रा का उद्देश्य बताने के लिए पाम्प्लेट वितरित करने की जिम्मेदारी भी वार्ड अध्यक्ष को दी गई। उन्होंने वार्डो मे न्याय यात्रा के प्रचार प्रसार और यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस भवन गांधी मैदान से ई रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## हिजबुल्ला चीफ की मौत पर शिया समुदाय ने कैंडल मार्च निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हिजबुल्ला चीफ नसरल्लाह की मौत पर शिया समुदाय ने रविवार को मातम मानाते हुए कैंडल मार्च निकाल कर मातम मनाया। शिया समुदाय के लोगों ने काले कपड़े पहन कर विरोध प्रदर्शन करने के साथ मातम में अपनी व्यापारिक प्रतिष्ठानें बंद रखीं।

इजराइली हमले में नसरल्लाह की मौत पर शिया समुदाय से जुड़े लोगों ने इजाराइल, अमेरिका तथा साउदी अरब के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कैंडल मार्च का आयोजन किया। कैंडल मार्च रात नौ बजे मोमिनपारा हैदरी मस्जिद से हुसैनी चौक तक निकाला गया। कैंडल मार्च में बच्चे से लेकर बुजुर्ग अपनी हाथों में हिजबुल्ला चीफ नसरल्लाह के फोटो हाथ में रखे थे। कैंडल मार्च निकालने के बाद समाज से जुड़े लोगों ने मस्जिद में मजलीस (शोक) का आयोजन किया। समाज के लोगों ने मोमिनपारा में नसरल्लाह का एक बड़ो पोस्टर भी लगाया। कैंडल मार्च में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। समाज से जुड़े लोगों ने अमन कायम करने जल्द से जल्द युद्ध रोकने की बात कही। कैंडल मार्च का आयोजन रात नौ बजे के करीब किया गया। कारोबारियों ने रविवार को सुबह से अपनी दुकानें बंद रखीं।

## नोटिस के बावजूद जमा नहीं की राशि, अब सस्पेंड की तैयारी

# 17 दुकानों में 26 सौ क्विंटल एपीएल चावल शॉर्टेज, दो बार दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एपीएल चावल में गड़बड़ी करने वाले उचित मूल्य के 17 दुकानों के संचालकों ने चावल के बदले राशि अब तक नागरिक आपूर्ति निगम में जमा नहीं कराए हैं। इस मामले में खाद्य विभाग इन दुकानों को पूर्व में दो बार नोटिस जारी कर चुका है। इसके बाद भी संचालक राशि जमा नहीं कर मनमानी कर रहे हैं। कलेक्टर ने ऐसे दुकान संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के बाद विभाग भी अब इन दुकानों पर सख्त रवैया अपनाते हुए कार्रवाई करने की तैयारी में है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सभी दुकानों को आखरी मौका देते हुए अंतिम बार नोटिस जारी किया है। इसके बाद भी संचालकों द्वारा शॉर्टेज चावल के बदले राशि जमा नहीं करते हैं, तो दुकानों को निलंबित कर दिया जाएगा।


लापरवाही की भेंट चढ़ा सैकड़ों एपीएल कार्ड धारकों का खाद्यान्न, हुआ लैप्स
हरिभूमि फॉलोअप
सिस्टम में ऑप्शन नहीं, इसलिए इस माह नहीं मिल पाएगा
अधिकारियों को पता था लैप्स हो जाएगा खाद्यान्न, फिर भी चुप्पी साधी रही
दोबारा नोटिस जारी करेंगे
चावल के साथ शक्कर से भी हुए वंचित
सिस्टम में ऑप्शन नहीं, इसलिए पिछले माह का चावल नहीं मिलेगा

### जांच में 26 सौ क्विंटल चावल माइनस मिला

अधिकारियों के अनुसार जांच में 17 दुकानों में एपीएल कोटे का कुल 26 सौ क्विंटल चावल ऑनलाइन सिस्टम में माइनस दिखा रहा है। पूछताछ पर दुकान संचालकों ने माइनस चावल के बारे में यह सफाई दी है कि स्टॉक में बीपीएल कोटे का चावल खत्म होने और नया स्टॉक समय पर नहीं पहुंचने के कारण एपीएल कोटे का चावल बीपीएल धारकों को बांट दिए हैं।

### बीपीएल कार्डधारकों को बांट दिया एपीएल का चावल

खाद्य विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान तीन दर्जन से अधिक दुकानों में एपीएल का चावल भारी मात्रा में माइनस में मिला था, जबकि यह चावल एपीएल कार्ड धारकों को बांटा ही नहीं गया था। जांच में पता चला कि संचालकों ने एपीएल कोटे का चावल बीपीएल धारकों को बांट दिया है। इसके कारण ऑनलाइन सिस्टम में एपीएल कोटे का चावल माइनस में दिखा रहा था, जबकि कार्ड धारकों ने चावल लिया है। इसकी एंट्री नहीं दिखा रही थी।

### जमा नहीं करने वाली दुकानों को निलंबित करेंगे

निरीक्षण के दौरान जिन दुकानों को एपीएल चावल शार्टेज मिलने पर नोटिस जारी किया है, उनमें कुछ दुकानों ने चावल के बदले राशि जमा करा दी है, लेकिन 17 दुकानों ने अब तक राशि जमा नहीं कराई है। कलेक्टर के निर्देश है चावल या बदले में राशि जमा नहीं करने वाली दुकानों को निलंबित करें। अंतिम नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद निलंबन की कार्रवाई करेंगे।

- भूपेंद्र मिश्रा,
जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

### इन दुकानों में इतना शार्टेज मिला

| दुकान आईडी | शॉर्टेज चावल (क्विंटल में) |
|---|---|
| 441001266 | 135.32 |
| 441001274 | 70-59 |
| 441001275 | 378.69 |
| 401001290 | 276.00 |
| 441001292 | 51-41 |
| 441001295 | 123.52 |
| 441001331 | 253.35 |
| 441001332 | 44.41 |
| 441001335 | 58.97 |
| 441001338 | 101.25 |
| 441001324 | 101.25 |
| 441001253 | 21.19 |
| 441001254 | 22.62 |
| 441001836 | 139.91 |
| 441001337 | 143.16 |
| 442001346 | 351.70 |
| 441001347 | 316.50 |

*गौरतलब है कि दुकानों में शॉर्टेज चावल, शक्कर एवं नमक के मामले में विभाग ने 6 दुकान संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश भी जारी किया है। इन दुकान संचालकों को 3 बार नोटिस के बाद आरआरसी तक जारी हो चुका हैं। इसके बाद भी संचालकों ने खाद्यान्न के बदले राशि जमा नहीं किया है।*

## श्रीराम विजयादशमी के रूप में मनाएं दशहरा रावण का कद छोटा करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

असत्य पर सत्य की जीत के उत्सव को श्रीराम विजयादशमी के रूप में दशहरा मैदानों पर मनाने की पैरवी रायपुर उत्तर के विधायक व जगन्नाथ मंदिर के प्रमुख पुरन्दर मिश्रा ने की है। मंदिर परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक ने कहा कि पांच सौ साल इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला की स्थापना हुई है। आराध्य देव राम का स्वरूप बड़ा व रावण का कद भी छोटा किया जाना चाहिए। इससे बढ़ते प्रदूषण का ग्राफ भी कम होगा। विधायक श्री मिश्रा ने आगे कहा कि परंपरा के अनुसार कालांतर से यह रीत चली आई है कि हिन्दू पंचांग के तहत आश्विन माह शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को दशहरा का पर्व मनाया जाता है। यह पहला अवसर है, जब अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बनकर तैयार हुआ है। इसे देखते हुए दशहरा उत्सव का आयोजन करने वालों से आग्रह है कि वे भगवान राम के स्वरूप को बड़ा और रावण का पुतला छोटा बनाएं। इसमें होने वाली आतिशबाजी व बड़ा पुतला दहन होने से प्रदूषण भी बढ़ता है। इसे कम करने के लिहाज से यह मेरा सुझाव है। इसे मैं लोगों को मानने के लिए बाध्य तो नहीं कर सकता, लेकिन जगन्नाथ की सेवा करता हूं। मेरे मन में जो भाव आया उसे मैं आप लोगों के माध्यम से साझा कर रहा हूं, इसे लोग मानें या न मानें इसके लिए किसी को बाध्य नहीं कर सकता, इसलिए आग्रह है।

## भारतीय सेना की दूसरी टोली का कलेक्टर ने रेलवे स्टेशन पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए भारतीय सेना के 40 जवानों की दूसरी टोली सोमवार को रायपुर पहुंची। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रेलवे स्टेशन में फूलों की माला पहनाकर जवानों का स्वागत किया। इस दौरान जवानों ने देशभक्ति गीत गाकर आभार जताया।

भारतीय सेना अपनी सेना को जाने के तहत शक्ति प्रदर्शन करेगी। इसके लिए सारनाथ एक्सप्रेस से सोमवार को जबलपुर एसटीसी के 40 जवानों की टोली रायपुर पहुंची। रेलवे स्टेशन में कलेक्टर ने इन जवानों का स्वागत कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान जवानों ने देशभक्ति गीत संदेशे आते हैं गाकर आभार जताया। भारतीय सेना के जवान नायक विशाल माने एवं नायक राजेंद्र सिंह ने चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ पहुंचने पर बड़ा



गर्व महसूस हो रहा है। यहां पहुंचकर काफी अच्छा लगा। इस स्वागत समारोह में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, आरटीओ आशीष देंवागन समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जवानों ने पोषण का दिया संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान की तर्ज पर पोषण अभियान को जन आंदोलन बनाने निर्देशित किया है। इसे लेकर जिले में 1 से 30 सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया गया। पोषण माह के समापन कार्यक्रम कलेक्टर की अगुआई में रेलवे स्टेशन में आयोजित किया गया, जिसमें सेना के जवानों ने भाग लेते हुए पोषण का संदेश लोगों तक पहुंचाया।

## अनुपम गार्डन में मूणत ने दिलवाई स्वच्छता की सामूहिक शपथ

### करबला तालाब का सौंदर्यीकरण अधूरा होने पर बिफरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने सोमवार को राजधानी के अनुपम गार्डन में लोगों को स्वच्छता की सामूहिक शपथ दिलवाई। वहीं करबला तालाब के सौंदर्यीकरण का काम आधा-अधूरा होने पर संबंधित अफसरों को जमकर फटकार भी लगाई। पूर्व कैबिनेट मंत्री और पश्चिम क्षेत्र विधायक राजेश मूणत ने अनुपम गार्डन में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित जोन के अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने फ्लाईओवर के नीचे प्रस्तावित चौपाटी के लिए चल रहे कार्यों की जानकारी ली। दोनों जगह काम की धीमी रफ्तार से वे नाराज हुए। अफसरों को उन्होंने हिदायत दी कि काम हर हाल में समय पर पूरा किया जाये। विधायक राजेश मूणत ने करबला तालाब जाकर वहां चल रहे सौंदर्यीकरण का



काम देखा। सूत्रों के मुताबिक सौंदर्यीकरण का काम अधूरा होने पर संबंधित अफसरों को फटकार लगाई। श्री मूणत ने अफसरों को चेताया कि अगर इसी तरह लेटलतीफी चलती रही तो वे अपने विधानसभा क्षेत्र के पार्षदों के साथ नगर निगम का घेराव करने से पीछे नहीं हटेंगे। अनुपम गार्डन में आम जनता और अफसरों को स्वच्छ पर्यावरण की सामूहिक शपथ कार्यक्रम में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, पूर्व पार्षद गोपी साहू, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक पाण्डेय, श्याम सुन्दर अग्रवाल, बजरंग खंडेलवाल, डॉक्टर शैलेश खंडेलवाल, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## डाटा एंट्री आपरेटरों ने मंत्रालय घेरने निकाली महारैली, पुलिस ने अंडरब्रिज के पास रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर से धरना स्थल में पहुंचे डाटा एंट्री आपरेटरों सोमवार को मंत्रालय घेरने धरना स्थल से महारैली निकाली। नियमितीकरण करने और 27 फीसदी वेतन वृद्धि संबंधी 2 सूत्रीय मांग को लेकर रैली निकाल रहे प्रदर्शनकारियों की भीड़ को पुलिस के जवानों ने अंडरब्रिज के पास बेरिकेड लगाकर रोक दिया। इस दौरान खासी गहमागहमी देखने को मिली। डाटा एंट्री आपरेटरों ने अपने लंबित मांग पूरा कराने जमकर नारेबाजी की। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से डाटा एंट्री आपरेटर रैली में शामिल होने तूता पहुंचे थे।

दरअसल, 18 सितंबर से डाटा एंट्री आपरेटर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर बेमियादी धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि 8 सरकारी विभागों का सालों से



काम करने के बाद भी सरकार यह तय नहीं कर पाई उन्हें कौन से विभाग में रखा जाए। पिछले 8 माह से डाटा एंट्री आपरेटरों को वेतन नही मिला है। इससे प्रदेश भर के 2 हजार से ज्यादा डाटा एंट्री आपरेटर के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ गई है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने कहा कि विगत 17 वर्षों से कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर का विभाग तय जल्द तय कर उन्हें नियमित किया जाए। दूसरा मांग ये है, शासन के वित्त निर्देश में जारी 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए।

### डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी 2 को सरकार का पिंडदान करेंगे आमरण अनशन जारी

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ के आव्हान पर प्रदेश भर के प्रशिक्षित अभ्यर्थी 2 अक्टूबर को सरकार का पिंडदान करेंगे। प्रदेश भर में 33 हजार शिक्षकों के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर धरना दे रहे हैं। इसके साथ प्रतिदिन 4 अभ्यर्थी अपने लंबित मांग को लेकर आमरण अनशन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराने जुटे हैं। अनशन के सातवें दिन युवाओं ने भिक्षा मांग कर सरकार की वादाखिलाफी का विरोध किया।

## बिरसिंहपुर रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोड़ने 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक

# नौतनवा और निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस के रीस्टोर होने से यात्रियों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बिलासपुर-कटनी तीसरी रेललाइन परियोजना के अंतर्गत बिरसिंहपुर रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए यार्ड रिमोडलिंग का काम करने के लिए रेलवे ने दो दिन पहले 26 एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द किया था। अब फिर से रेलवे ने इनमें से 16 ट्रेनों को रीस्टोर कर चलाने की घोषणा कर यात्रियों को बड़ी राहत दी है।

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि बिरसिंहपुर रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोड़ने का काम तीन अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक चलेगा। इस बीच गरीब रथ, नौतनवा समेत 10 एक्सप्रेस ट्रेनों को 3 दिनों के लिए रद करने के साथ ही बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को दोनों तरफ से परिवर्तित मार्ग से चलाने का फैसला लिया गया है।

### इस सप्ताह अजमेर और लखनऊ का सफर मुश्किल

#### परिवर्तित मार्ग से दौड़ेगी बरौनी-गोंदिया

दो से 10 अक्टूबर तक बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बरौनी-कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालघाट-गोंदिया होकर चलेगी। वहीं दो से 10 अक्टूबर तक गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया-बालघाट नैनपुर-जबलपुर-कटनी-बरौनी होकर चलेगी।



#### यात्रियों को मिलेगी स्पेशल ट्रेन

इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ के अवसर पर 6 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। जिनमें 08893 गोंदिया-सांतरागाछी दुर्गा पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए-गोंदिया से 4 एवं 9 अक्टूबर, 08894 सांतरागाछी-गोंदिया, दुर्गा पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए-सांतरागाछी से 5 एवं 10 अक्टूबर, 08895 गोंदिया-छपरा छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08896 छपरा-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए छपरा से 4 एवं 5 नवंबर, 08897 गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08898 पटना-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए पटना से 4 एवं 5 नवंबर शामिल हैं।

#### अक्टूबर में अब तक 10 ट्रेन रद्द

अक्टूबर में 10 ट्रेन अभी तक रद्द है, जिसमें 12535 लखनऊ-रायपुर गरीब रथ 03, 07 एवं 10 अक्टूबर और 6 को 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस व दुर्ग- कानपुर 7 व 9 को रद्द रहेगी, जो रायपुर मंडल की प्रमुख ट्रेन है। अब रद ट्रेनों में से 16 ट्रेनों के एक ट्रिप को रीस्टोर कर दिया गया है। पूर्व में रद्द की गई बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 11 अक्टूबर को अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। इसी तरह से इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस 12 अक्टूबर, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 10 अक्टूबर, भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस 12 अक्टूबर, जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस 11 अक्टूबर, अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस 12 अक्टूबर, रीवा-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल 11 अक्टूबर, चिरमिरी-रीवा पैसेंजर स्पेशल 12 अक्टूबर, दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 11 अक्टूबर, निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस 12 अक्टूबर से चलेगी। दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस 10 अक्टूबर, नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस 12 अक्टूबर, चिरमिरी-अनूपपुर पैसेंजर स्पेशल 12 अक्टूबर,अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर 12 अक्टूबर, कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल 11 अक्टूबर और चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल 12 अक्टूबर को अपने निर्धारित समयानुसार चलेंगी।

## खबर संक्षेप



### आत्मानंद की 600 छात्राओं और शिक्षकों ने ली स्वच्छता की शपथ

**गरियाबंद।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में लगभग 600 छात्राओं और शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने के साथ-साथ 100 अन्य लोगों को प्रेरित करने, स्वयं गंदगी न करने, अपने घर और मोहल्ले को स्वच्छ रखने और दूसरों को भी गंदगी न करने देने का संकल्प दिलाया। इसके साथ ही प्रत्येक वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने का भी वचन लिया गया।
पालिका अध्यक्ष मेमन ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य हमारे आस-पास के वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। उन्होंने कहा कि जब देश स्वच्छ होगा, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा।
इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन, वंश गोपाल सिन्हा, सीएमओ संध्या वर्मा, इंजीनियर अश्वनी वर्मा, प्राचार्य बुद्ध और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण उपस्थित थे।

### शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित



**गरियाबंद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा गरियाबंद के मार्गदर्शन में धौराकोट (ध्रुवापारा) विकासखंड देवभोग में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के निर्देशन और सचिव एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल, डीएचओ डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े, और रेडक्रॉस जिला संगठक रोमन लाल साहू के सहयोग से इस शिविर का सफल आयोजन हुआ। यह शिविर व्यापारी संघ और ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें कुल 51 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। जिला अस्पताल ब्लड सेंटर की टीम, जिसमें लालजी साहू और उनके साथी शामिल थे, तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग के बीएमओ और उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा।
कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सभी महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों में आगे आकर लोगों की जीवन रक्षा में अपना योगदान दें।

### दुर्गा स्थापना को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**फिंगेश्वर।** दुर्गा स्थापना को लेकर एवं ध्वनि प्रदूषण को लेकर फिंगेश्वर पुलिस थाना में शांति समिति के लोगो की बैठक आहूत हुई। जिसमें थाना प्रभारी पवन वर्मा एवं तहसीलदार डिंपल ध्रुव के तत्वाधान मे बताया गया कि दुर्गा स्थापना को लेकर दुर्गा समितियों के द्वारा किसी भी प्रकार से डीजे बाजा का उपयोग नहीं करना हैं।

**बैठक :** ग्राम सभा की कार्रवाई का वीडियो मोबाइल एप में किया जायेगा अपलोड

# ग्राम सभा की बैठक आज, जल जीवन मिशन सहित कई मुद्दों पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य शासन के निर्देश पर 02 अक्टूबर को ग्रामसभा का आयोजन जिले के सभी गांवों में किया जायेगा। ग्राम सभा में जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन कार्य पूर्ण होने पश्चात रोड-मार्ग का मरम्मत कार्य संबंधित एजेंसी, विभाग से कराये जाने के लिए प्रस्ताव पारित करने तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। ग्रामसभा में लिए गये निर्णयों का अधिकतम 15 मिनट का वीडियो ग्राम सभा निर्णय मोबाईल एप्प में अपलोड किया जाएगा। साथ ही ग्राम सभा के गतिविधियों को वाईब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल में शत प्रतिशत अपलोड सुनिश्चित की जाएगी।

इस संबंध में कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने सभी एसडीएम एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्रामसभा आयोजन के लिए स्थानीय स्तर पर तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जनपद पंचायतवार प्रत्येक ग्रामों में ग्रामसभा आयोजित करने के लिए समय सारणी निर्धारित करने एवं स्थानीय अधिकारी-कर्मचारियों को विशेष जिम्मेदारी देने के निर्देश दिये है। 02 अक्टूबर को आयोजित होने वाले ग्रामसभा में ग्रामसभा की पूर्व बैठकों में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन, पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा की जाएगी एवं पिछली छमाही मे विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि स्वीकृत राशि, व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन किया जाएगा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत ग्राम पंचायतों में ग्रामीण परिवारों द्वारा रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराये गए रोजगार की स्थिति की समीक्षा की जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं हितग्राहियों का सत्यापन के संबंध में कार्यवाही की जाएगा। जरूरतमंद व्यक्तियों के लिये पंचायतों द्वारा वितरित खाद्यान्न एवं उसके लाभान्वितों के नामों का वाचन किया जाएगा। जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित प्रकरणों के लंबित, निराकृत एवं वितरित प्रमाण पत्रों की जानकारी दी जाएगी। मौसमी बीमारियों से बचाव एवं निवारण की जानकारी एवं उससे निपटने के लिए लोगों के जागरूक किया जाएगा ग्राम पंचायतों में अनिवार्य कर के आरोपण एवं वसूली के प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी। पंचायतों के वर्तमान पदाधिकारियों तथा अधिकारी - कर्मचारियों जिनसे पंचायतों के लेखा हिसाब लेना अथवा बकाया राशि उनके नामों का वाचन किया जायेगा।

### सड़क हादसों के रोकथाम पर होगी चर्चा



ग्रामसभा में जिले के समस्त सड़कों पर मवेशियों के कारण हो रहे दुर्घटनाओं में जान-माल की क्षति को रोकने के लिए उस ग्राम पंचायत क्षेत्र से गुजरने वाली समस्त सड़कों के संबंध में सभी संभव उपायों एवं प्रभावी व्यवस्था की चर्चा की जायेगी। आमजनों में जागरूकता बढ़ाने एवं अपने मवेशियों को सड़कों पर खुले नहीं छोड़ने का संकल्प पारित कराया जायेगा। साथ ही सड़कों पर खुला छोड़े जाने पर छग पंचायत अधिनियम, 1993 के प्रावधानों के तहत जुर्माना अधिरोपित करने के बारे में बताया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 की ग्राम पंचायत विकास योजना ड्राफ्ट कार्ययोजना पर चर्चा व पूर्व वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना की समीक्षा ग्राम सभा में की जायेगी। ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 निर्माण हेतु 02 ग्राम सभा का आयोजन किया जाना है। इसके तहत प्रथम ग्राम सभा 02 अक्टूबर 2024 को होगी। 17 सितंबर से 02 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती स्वच्छ भारत दिवस तक स्वच्छता की सेवा अभियान चलाया जा रहा है।

### कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन पर चर्चा

स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान साफ-सफाई, जनभागीदारी, सफाई मित्र स्वकता शिविर अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर विभिन्न कार्यवाही की जायेगी। इसके तहत ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल ग्रामों के प्रस्ताव का ग्राम सभा में अनुमोदन, शौचालय विहीन पात्र परिवारों का चिन्हांकन एवं पात्र परिवारों की सूची का अनुमोदन, स्वच्छाग्रही समूहों के माध्यम से घर-घर एवं संस्थाओं से कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन पर चर्चा, स्वच्छता शपथ, तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाये जाने के संबंध में मार्गदर्शिका का वाचन एवं चर्चा, एचआईव्ही एड्स के रोकथाम के लिए ग्राम सभा में जनजागरूकता के लिए चर्चा, राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर एनीमिया का रोकथाम, बौद्धिक विकास के संबंध में ग्राम पंचायत में मुनादी कराने एवं प्रतिनिधियों के सहयोग के संबंध में ग्राम सभा में चर्चा एवं संविधान के पाँचवी अनुसूची अंतर्गत शामिल अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम सभाओं में छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 129 छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार नियम 2022 अनुसार कार्यवाही किया जायेगा।

## फिर लौट आया हॉकी का स्वर्णिम युग : जगदीश

### भारतीय हाकी टीम के प्रदर्शन से युवाओं में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर







एक तरफ पूरा विश्व क्रिकेट के रंग में रंगा हुआ है वही दुसरी ओर पूरी दुनिया में एक बार फिर हमारे राष्ट्रीय खेल हॉकी का डंका बज रहा है। इस समय भारतीय खिलाड़ियों का दमखम पूरे विश्व देख रहा है। एक बार फिर भारतीय हॉकी टीम अपने खेल से सिध्द करते हुए बता दिया कि आज भी हम हाँकी में नम्बर एक टीम है। हमारे मुकाबले अभी नजदीक में कोई टीम नहीं है। लगातार दुसरी बार ऐशियाई चौंपियन ट्रॉफी के फाइनल में चीन को एक शुन्य से हराकर भरतीय हांकी टीम को चौंपियन बनने का गौरव प्राप्त हुआ। इससे पहले पिछले एशियाई चौंपियन ट्रॉफी में भी भारतीय हॉकी टीम को फाइनल विजेता बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। अब तक खेले गए एशियाई चौंपियन ट्रॉफी में भारतीय हॉकी टीम पांच बार का फाइनल विजेता रहा है। हरमनप्रीत की अगुवाई में भारत ने यह दूसरा गोल्ड जितने में कामयाबी हासिल की है। अभी हाल ही में सम्पन्न हुआ पेरिस ओलंपिक में भी भारतीय हॉकी टीम अपने शानदार खेल के बदौलत ब्रांज मेडल जीतने में सफल हुए हैं। इस समय भारतीय राष्ट्रीय हॉकी टीम अपने पूरे रंग में हैंइस शानदार उपलब्धि के लिए नगर में खुशी का माहौल है। नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यदु ने कहा की हॉकी टीम इस समय जिस लय के साथ खेल रहा है वे वाकई में काबिले तारीफ है। थानू निषाद युवा साहित्यकार एवं उद्घोषक ने कहा एक बार फिर हम हमारी हॉकी टीम अपने स्वर्णिम युग से गुजर रहे हैं। एक के बाद एक पदक हमारी झोली में डाल रहे हैं। धनंजय हरित पूर्व खिलाड़ी ने कहा मेजर ध्यानचंद जिसको हॉकी का जादूगर कहा जाता था उस समय हमारी हॉकी टीम एक से बढ़कर एक खिलाड़ी हुआ करते थे। फिर आया धनराज पिल्लै, हरमनप्रीत,श्रीजेश जैसे युवा टीम ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बदौलत हमारी हॉकी टीम इस समय अपनी एक अलग मुकाम पर हैं।

## प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस की न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



### अमितेश शुक्ल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल

प्रदेश में भाजपा सरकार के आने के बाद कानून व्यवस्था में गिरावट और बढ़ती आपराधिक घटनाओं के विरोध में छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने 'न्याय यात्रा' शुरू की है। यह यात्रा शुक्रवार को बलौदाबाजार जिले के गिरौदपुरी से शुरू की गई, जिसे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य राज्य में भाजपा सरकार के खिलाफ जनसामान्य की आवाज को सड़क से लेकर सदन तक पहुंचाना है। प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल के नेतृत्व में राजिम क्षेत्र से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता इस यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान शुक्ल ने भाजपा सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि यह यात्रा जनता की समस्याओं को उजागर करने और न्याय दिलाने का माध्यम बनेगी। इस यात्रा में युवा कांग्रेस अध्यक्ष गौरव मिश्रा, योगेश साहू, चगन यादव, राजेश साहू और कई अन्य प्रमुख कांग्रेस नेताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों के कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुए।

## लक्ष्मी नारायण शिक्षा रत्न से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ शिक्षा रत्न सम्मान 2024 सम्मान समारोह का आयोजन सरायपाली जिला महासमुंद में किया गया। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से समाज शिक्षा पर्यावरण और साहित्य के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमें विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम बारूला के मिडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षक लक्ष्मी नारायण सेन भी सम्मानित हुए। छत्तीसगढ़ शिक्षा रत्न सम्मान सम्मान समारोह कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा सांसद रूप कुमारी चौधरी की मुख्य आतिथ्य और बसना विधायक डॉक्टर संपत अग्रवाल की अध्यक्षता एवं सरायपाली विधायक चातुरी नंद महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, सरायपाली जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर सरायपाली नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल की विशिष्ट आतिथ्य के करकमलों से मोमेंटो प्रशस्ति पत्र और पौधा भेंट कर राज्य के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलग–अलग जिला के शिक्षक साहित्यकार और कलाकार तथा अंचल के गण मान्य नागरिकों का गरिमामय में उपस्थिति रहा।छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति के अध्यक्ष भागवत राम साहू, निर्मला साहू, जितेंद्र कुमार कुर्रे, धात्रि नायक, परमानंद साहू, मनोज साहू, प्रहलाद साहू के पूरे टीम ने समाज को संदेश दिया की धरा पर पौधा रोपित कर प्रकृति की सुंदरता को बढ़ाएं और आने वाले पीढ़ी को सुरक्षित रखें। उनको यह सम्मान मिलने पर संकुल प्राचार्य (बिजली) पूरन लाल साहू, संकुल समन्वयक भुवन यदु,प्रधान अध्यापिका प्रेरणा सेन, मन्नू लाल ध्रुव, सरस्वती साहू, गोपेश सेन, ओमनारायण सेन, ऋषि वल्लभ सेन, नागेंद्र सेन, योगी वल्लभ सेन एवं डोगेंद्र सेन ने हर्ष किया है।

## सैकड़ों लोगों ने ऑनलाइन ली भाजपा की सदस्यता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ विधायक ने क्षेत्र के अनेक गांव का दौरा कर लोगों को सदस्यता दिलाई

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने मंगलवार को गरियाबंद क्षेत्र के अनेक गांव का दौरा कर लोगों को भाजपा से जोड़ते हुए सदस्यता दिलाई। सैकड़ो लोगों ने भाजपा की ऑनलाइन सदस्यता ली। पिछड़ी कमर जनजाति के लोग भी भाजपा से जुड़े। इस दौरान श्री साहू ने अनेक विकास कार्यों की घोषणा की। ग्राम भेजराड़ीह में एक आदिवासी महिला श्रीमती मिलनतीन बाई ध्रुव ने विधायक से गुहार लगाई कि उन्हें तो मृत घोषित कर दिया गया है, जबकि मैं जिंदा हूं, इसीलिए ग्राम पंचायत द्वारा राशन कार्ड नहीं बनाया जा रहा है, जबकि परिवार में मैं अकेली हूं, श्री साहू ने गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत सीईओ श्री जाफरी को निर्देश दिया कि 3 दिन के भीतर इनका राशन कार्ड बनाने के उपरांत ग्राम पंचायत के सचिव के खिलाफ जांच करने के निर्देश दिए हैं। श्री साहू ने सदस्यता अभियान के तहत ग्राम बेहराबूड़ा, घटकूनवापारा, कस, सोहागपुर, गजईपुरी, इत्यादि ग्रामों में ऑनलाइन भाजपा की सदस्यता दिलाई। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से विकास हो रहा है, केंद्र और राज्य सरकार विकास कार्यों के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है, किसान मजदूर और महिलाओं को विकास कार्यों का सीधा लाभ मिल रहा है, महतारी वंदन योजना से महिलाएं खुश है। किसानों को धान का समर्थन मूल्य मिल रहा है। भाजपा के जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोन टेके ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत निर्माण को लेकर भाजपा से जुड़े। भाजपा की सदस्यता लेने को लेकर आम लोगों में उत्साह है, ऑनलाइन सहित ऑफलाइन सदस्य बनाए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य फिरतू राम कंवर, रिखी राम यादव, मंडल महामंत्री धनंजय नेताम, आसिफ मेमन, तनु साहू, बिंदु सिंहा, पुष्पा साहू, प्रकाश सोनी खेम सिंह, संजू साहू, अमित वखरिया, यश मिश्रा, नमन सेन, डगेश्वर दुबे, प्रतिमा विश्वकर्मा, दीपक साहू, भुवनेश्वर, देवेश्वर गजेंद्र, भागी साहू, गीतेश साहू, यशवंत साहू, सरपंच रविंद्र ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, राजू साहू, रामाधार साहू कोमल डी डी, रामजी साहू, प्रेमलाल, रोशन पुरी गोस्वामी, वंशगोपाल सिंहा, तुलाराम ठाकुर, रूप सिंह कमार इत्यादि उपस्थित थे।

## शासकीय प्रक्रिया से त्रस्त महिला ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### आज से आमरण अनशन



**राजिम।** मंगलवार को राजिम के एसडीएम कार्यालय पहुंचकर फिंगेश्वर की रहने वाली सीनियर सीटीजन महिला कमला ठाकुर ने आमरण अनशन करने एसडीएम को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में उन्होने लिखा है कि शासकीय प्रक्रिया से त्रस्त होकर वे अपने परिवार के साथ आमरण अनशन में बैठने के लिए विवश हो रही है। आवेदन में लिखा है कि एसडीएम राजिम द्वारा 14 जून 2024 को मकान का ताला खोलकर कब्जा देने आदेश भी पारित किया गया। बावजूद साढ़े तीन महीना की अवधि बीत जाने के बाद भी कब्जा नही मिला। कहा कि आमरण अनशन में बैठने की पूरी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। मामला मकान में कब्जा दिलाने का है जिस पर जिम्मेदारों द्वारा टालमटोल किया जा रहा है। न्याय पाने दर-दर भटक रही हूं। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि थाना राजिम को भी दिया गया है।

## पंडालों में विराजेंगी मां शेरावाली...



**राजिम।** कल से नवरात्र शुरू हो रहा है। मां दुर्गा की प्रतिमाएं ले जाने समिति वाले राजिम पहुंचने लगे है। कलाकारों द्वारा प्रतिमा को आखिरी और अंतिम टच दिया जा चुका है। मां दुर्गा की बेहतरीन और खूबसूरत मिट्टी की प्रतिमाएं साक्षात रूप में नजर आ रही है। कल से पूरे 9 दिन धूमधाम के साथ दुर्गोत्सव का पर्व पूरे अंचल में मनाया जाएगा।

## स्वास्थ्य शिविर : बीपी-शुगर के मरीजों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



आम नागरिकों को हृदय रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी गैर संचारी रोगों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचे। साथ ही, जनदर्शन में शामिल होने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे आम नागरिकों का भी निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और इलाज किया गया। जरूरत के अनुसार लोगों को दवाइयों का भी वितरण किया गया। शिविर में पहुंचे लोगों को बीपी, शुगर और अन्य गैर संचारी रोगों से बचाव के उपायों के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया गया। उचित खानपान और जीवनशैली अपनाने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है, इस पर भी जोर दिया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा अधिकारी, परामर्शदाता, स्टाफ नर्स और अन्य मेडिकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं दीं।



राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य में धान खरीदी पांच नवंबर से हो : तेजराम

**राजिम।** भारतीय किसान यूनियन छत्तीसगढ़ के महासचिव तेजराम विद्रोही ने एक विज्ञप्ति जारी कर छत्तीसगढ़ शासन से मांग किया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य का धान खरीदी 5 नवंबर से शुरू की जाए। बताया कि खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में मंत्री मंडलीय उपसमिति की आयोजित बैठक में दीपावली को ध्यान में रखकर 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी करने का निर्णय शासन ने लिया है। जिसे 5 नवम्बर से शुरू किया जाना उचित होगा क्योंकि हरुना किस्म की फसल कटाई नवरात्र के समय शुरू हो जाएगी। ऐसे किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए एक महीना इंतजार करना पड़ेगा। बाद में सभी फसलों की कटाई स्पीड पकड़ लेगी इससे खरीदी केंद्रों में बारदाना व्यवस्था, खरीदी की पर्याप्त जगह जैसे कई आवश्यक व्यवस्था बनाने में असुविधा होगी। श्री विद्रोही ने मांग किया है कि धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य राज्य सरकार की 3100 रुपए और केन्द्र सरकार की बढ़ी हुई कीमत 117 रुपए जोड़कर 3217 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी होगी यह भी सुनिश्चित करना चाहिए।



### छूटे हुए हितग्राहियों का नाम जुड़ेगा : चंद्रशेखर

**राजिम।** राजिम क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि सरकार सभी पात्र हितग्राहियों को आवास देने के लिए प्रतिबद्ध है इसके लिए 2018 के आवास प्लस की सूची में छूटे हुए पात्र हितग्राहियो का भी अब नाम आवास योजना के लाभान्वितों की श्रेणी में जोड़ा जायेगा। जिसके लिए अगले माह से ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव व आवास मित्रों के माध्यम से नाम जोड़ने की कार्यवाही की जाएगी। बताया कि 2018 में आवास प्लस का सर्वे हुआ था। इसमें कई नाम छूट गए थे। ऐसे में छूटे हुए नामों को जोड़ना है। इसके लिए अगले महीने से सर्वे की शुरूआत हो जाएगी। अब चार शर्तों में छूट दी गई है। इससे गरीब लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। पहले 10000 से अधिक की कमाई वाले लोगों को पीएम आवास नहीं मिलता था। अब इसकी सीमा बढ़ाकर 15,000 रुपए कर दी गई है। इसके साथ ही किसानों को ढाई एकड़ तक सिंचित और पांच एकड़ तक असिंचित जमीन वालों को पीएम आवास योजना का लाभ मिलेगा।



**मंजूरी : जिले का पहला स्कूल जहां वायुसेना जूनियर एनसीसी संचालन की मिली मंजूरी**

# सेजस स्कूल देवभोग में एनसीसी कैडेट्स को मिलेगा वायु सेना से संबंधित प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के देवभोग के आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम में भारतीय वायुसेना के एनसीसी का संचालन होगा। मंजूरी के बाद पहले ही सत्र में वायसेना के अफसरों ने 10 छात्राओं और 14 छात्रों का केडर चयन किया। जिले का अब यह पहला स्कूल होगा जहां एनसीसी का होगा। संचालन भारतीय वायुसेना जूनियर एनसीसी संचालन की मंजूरी देवभोग के आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम को मिल गया है। आज वायुसेना के जूनियर वारंट अफसर एस एन पॉल, स्त्रजेंट सुनील कुमार, शशांक थपलियाल स्कूल प्रांगण पहुंच केडेट के लिए छात्रों का चयन भी किया। प्राचार्य गिरीश चंद्र बेहेरा और एनसीसी प्रभारी गणेश सोनी की मौजूदगी में फिजिकल और इंटरव्यू लेकर छात्रों का चयन किया गया। इस तरह से जिले में देवभोग सेजस पहला स्कूल होगा जहां वायुसेना के एनसीसी का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

- फिजिकल और इंटरव्यू लेकर 24 विद्यार्थियों का किया गया चयन







### सालभर पहले निरीक्षण में आए थे अफसर

विंग कमांडर विवेक साहू के विशेष रुचि से देवभोग को यह बड़ी उपलब्धि मिली दरअसल इस स्कूल में एनसीसी एयर विंग सी सर्टिफिकेट होल्डर गणेश सोनी शिक्षक के रूप में पदस्थ है।इन्हे वेकेंसी की जानकारी के साथ ही इसे हासिल करने की प्रकिया का पता था।पिछले डेढ़ साल से गणेश सोनी प्राचार्य गिरीश चंद्र के साथ मिल एनसीसी के अफसरों के संपर्क में थे।22 सितंबर 2023 की अफसरों ने स्कूल का विजिट भी किया था।जिसमे विद्यालय परिसर,ग्राउंड की उपलब्धता ,ड्रिल के लिए माकूल स्थान की उपलब्धता का जायजा लिया था।

### ग्रामीण बच्चों को मिलेंगे कई फायदे

भारतीय वायुसेना के नेशनल कैडेट कोर का हिस्सा रह चुके सेजेस देवभोग के एन सी सी प्रभारी गणेश सोनी ने बताया की 2 वर्षऍय जूनियर डिवीजन के प्रशिक्षण के पश्चात विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया जावेगा जिसकी महत्ता सभी जगह है। विद्यालय परिसर में ही इन विद्यार्थियों का प्रशिक्षण सप्ताह में एक बार वायुसेना के अधिकारी द्वारा लिया जायेगा, इन विद्यार्थियों को सप्ताह में एक दिन परेड, विमान उड़ाने और फायरिंग का सैन्य प्रशिक्षण दिया जाएगा। द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को रायपुर में विशेष ट्रेनिगं कैम्प के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसमें उन्हें उड़ने का सुअवसर प्राप्त होगा। एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर) भारत में एक सैन्य प्रशिक्षण संगठन है, जिसका उद्देश्य युवाओं को सैन्य अनुशासन, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सेवा की भावना से भरना है।

## देवी-देवताओं की पूजा कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की

**सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में देवी-देवताओं की निकाली गई शोभायात्रा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 12 किलो मीटर दूर नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर देवभोग मार्ग में क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल बाजाघाटी कचना ध्रुवा में बाजाघाटीन बारहपाली अंतर्गत आने वाले गांवों के झांखर, पुजारी, पटेल जनप्रतिनिधियों और सैकड़ो ग्रामीणों की उपस्थिति में सभी क्षेत्रवासियों ने मंगलवार को देवदशहरा पर्व का आयोजन किया। देवी- देवताओं की विशेष पूजा अर्चना कर लोगों ने मिलकर देव दशहरा मनाया और पूजा अर्चना कर सुख - समृद्धि की कामना की। नवरात्रि के पूर्व यह पर्व राजापड़ाव क्षेत्र के ग्राम पेण्ड्रा से लगे प्रमुख धार्मिक स्थल बाजाघाटी में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। उक्त देवदशहरा कई पीढ़ियों से मनाने की परंपरा चल रही है जो क्षेत्रवासियों द्वारा अनवरत जारी है। बाजाघाटी कचना ध्रुवा को बारहपाली का मुख्य देवस्थान माना जाता है जहां सबसे पहले देवदशहरा मनाया जाता है इसके बाद देवदशहरा ग्राम गोना के गादीमाई का दशहरा फिर क्रमशः कुलेशरीन दाई बरगांव, कुंवरबाबा कुचेंगा में बारहपाली का अंतिम दशहरा मनाया जाएगा। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम विशेष रूप से उपस्थित हुए और पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना किए। उन्होंने कहा कि हमारे वनांचल के लोग धार्मिक स्थलों पर अपने देवी–देवताओं की स्तुतियों के साथ ही पीढ़ी दर पीढ़ी परंपराओं के निर्वहन में भी अग्रणी रहे हैं। इस दौरान मुख्य रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, गाडाराय मरकाम, प्रताप नेताम, बुधराम नेताम, सुनील मरकाम सरपंच गोना, कृष्णा नेताम सरपंच अड़गड़ी, तिलक मरकाम, श्रीराम मरकाम, हलालु मरकाम, दयाराम मरकाम, मोतीराम नेताम, बैशाखू नेताम, पंचमु नेताम, मंगलू मरकाम, निरंजन नेताम, भानुप्रताप नेताम, द्वारिका नेताम, उमेश नागेश, पनका मरकाम, नरसिंह नेताम, दयाल सिंह मरकाम, ब्रीजलाल नेताम, मोतीराम नेताम, रमेश कुमार, कन्हैया मरकाम सहित क्षेत्रभर से आये लोग उपस्थित रहे।

## प्रधानपाठक रंजीत को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 14 किलो मीटर दूर प्राथमिक शाला दबनई के प्रधानपाठक रंजीत सिंह ध्रुव शिक्षा विभाग में प्रेरणादायी 38 वर्ष सेवा अवधि के पश्चात सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर उनके सहकमएँ शिक्षकों एवं पालक ग्रामीणों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित शिक्षकों, पूर्व छात्रों व पालकों ने ध्रुव के सानिध्य में बिताए यादगार पलों का स्मरण किया। साथी शिक्षक, छात्र और पालकों ने भावुक मन एवं नम आंखों से अपने प्रिय शिक्षक को विदा किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि रंजीत ध्रुव जैसे शिक्षक बच्चों के साथ साथ समाज को भी सही दिशा दिखाने का कार्य करते हैं शिक्षा के क्षेत्र में इनका योगदान सराहनीय है। इस अवसर पर सरपंच घनश्याम नागेश, भाजयुमो जिला मंत्री तुलसी राठौर, नंदनी नेताम, शिक्षक चिंताराम नेताम, विनय साहू, दिपक चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र ठाकुर, चमेली पटेल, चंचल साहू, ग्रामीण चंदन सिंह, रोशन राठौर, मिलन सिंह, नैन सिंह, सरस्वती बाई, गौकरण सिंह, बबीता नेताम, फागेश्वर नेताम, कुमारी बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं छात्र गण उपस्थित रहे।



## स्वच्छग्राही को सम्मानित कर दी गई सुरक्षा किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आरंभ 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वाभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा आरके ध्रुव के मार्गदर्शन से ग्राम पंचायत पोंड में 30 सितंबर को विकासखंड स्तरीय सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम ग्राम पंचायत पोंड के स्वच्छग्राही समूह के माध्यम से सुबह गांव के बाजार स्थल, शीतला मंदिर, रोड किनारे एवं ग्राम के प्रमुख चौक-चौराहों की साफ -सफाई का कार्यक्रम किया गया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत पोंड में 16 ग्राम पंचायतों के स्वच्छग्राही समूह जो घर -घर से कचरा कलेक्शन का कार्य कर रहे हैं। उसके स्वस्थ्य को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत पोंड मे सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य चेकअप के लिए स्वास्थ्य विभाग से अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में 16 पंचायतों के स्वच्छग्राही समूह को सम्मानित करने के लिए ग्राम पंचायत पोंड आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में मुख्य अथिति तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, लक्ष्मी साहू जिला सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, पुष्पलता सिन्हा सभापति स्वच्छता स्थायी समिति, रजनी चौरे सभापति वन समिति, प्रहलाद यदु सभापति कृषि समिति, थानेश्वर कंवर सभापति संचार एवं संकर्म, बूंदा साहू सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग, संतराम नेताम सभापति सहकारिता विभाग जनपद पंचायत छुरा उपस्थित हुए जिसमें सभी स्वच्छग्राही समूह को सम्मानित किया गया एवं सुरक्षा किट प्रदान किया।





## छात्रों ने परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



मंगलवार को आईएसबीएम विश्वविद्यालय ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बीपी भोल ने किया। जिन्होंने अपने संबोधन में स्वच्छता के महत्व और इसके सकारात्मक प्रभावों पर जोर दिया। उन्होंने कहा की स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए आवश्यक है। छात्रों ने परिसर में सफाई अभियान चलाया, जिसमें उन्होंने कचरा उठाने, पौधारोपण और जागरूकता फैलाने वाले जैसे कार्य किए। साथ ही, छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के लिए लोगों में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक टेकेश्वर कौशिक ने सभी उपस्थित शिक्षक और छात्रों को स्वच्छता के लिए शपथ दिलवाया। इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जीवनशैली होनी चाहिए। आईएसबीएम विश्वविद्यालय का यह प्रयास आने वाले समय में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक साबित होगा। कार्यक्रम में अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. एन कुमार स्वामी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. सुभाशीष बिस्वास, सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, शिक्षक और छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। सहायक प्राध्यापक दुष्यंत यादव के द्वारा कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।

## सैकड़ों कार्यकर्ता न्याय यात्रा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में निकली छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के पांचवे दिन सारागांव से लेकर सड्डू तक शानदार स्वागत हुआ। इस यात्रा में छत्तीसगढ़ पीसीसी के पूर्व चीफ पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के नेतृत्व में अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। जिसमें विशेष रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नपा के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, नवापारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू, भोला सोनवानी, अजय साहू, निर्माण यादव, अनूप खरे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। जिला कमेटी के सचिव रामा यादव ने बताया कि 2 अक्टूबर को राजधानी रायपुर के गांधी मैदान में बड़ी सभा होगी। जिसमें पूरे प्रदेश भर एवं अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे। श्री यादव ने बताया कि इस सभा में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलेट भी शामिल होंगे। उन्होने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं को 10:30 बजे के पहले रायपुर पहुंचने आग्रह किया है।



### किड्जी स्कूल में मनाई गई गांधी एवं शास्त्री की जयंती

**महासमुंद।** किड्जी स्कूल में गांधी एवं शास्त्री जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पायल जैन व प्रियंका जैन समन्वयक द्वारा महात्मा गांधी व बहादुर शास्त्री की छायाचित्र पर माल्यार्पण से की गई। इस अवसर पर बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने गांधी, किसान, शिवाजी, रानी लक्ष्मी बाई की वेशभूषा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। तत्पश्चात बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया व स्वच्छता अभियान में उपयोग होने वाले उपकरणों की जानकारी दी गई। इसके बाद बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें पीजी कक्षा से शिवाजी की वेशभूषा में पार्थ इसरानी, द्वितीय गाँधी की वेशभूषा में कृषिव जैन रहा। नर्सरी कक्षा से प्रथम किसान की वेशभूषा में जसविता महंत, द्वितीय गांधी की वेशभूषा में दिवित जैन व पेड़ बचाओं की वेशभूषा में आकृति शुक्ला एवं तृतीय रानी लक्ष्मी बाई की वेशभूषा में उद्भवी सोनी व जवाहर लाल नेहरू की वेशभूषा में आरव देवांगन रहे।



### इसाफ बैंक ने शिशु संस्कार केंद्र को वाटर कूलर किया भेंट


**महासमुंद।** शिशु संस्कार केंद्र में इसाफ बैंक द्वारा बच्चों को पीने का शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक वाटर कूलर मशीन प्रदान किया। वाटर कूलर मशीन भेंट एक सामान्य समारोह में प्राप्त किया। जिसमें बैंक के अधिकारीगण व स्टाफ निशांत अंशु, रमेश लहरे, आकाश महांती, मनिंदर आजमानी, हर्ष चंद्राकर, गगन ठाकुर एवं शिव कुमार उपस्थित रहे। समिति के सचिव शरद जैन एवं प्रबंधक मनोहर महांती, प्राचार्य अवनीश वानी, संस्कार पब्लिक स्कूल की प्राचार्य गुरप्रीत कौर ने भी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। अपने उद्बोधन में निशांत अंशु ने कहा कि इसाफ बैंक द्वारा इस तरह के जनहित एवं परहित में इस प्रकार सेवा कार्य होता रहता है।






Ajay Advt.



Ajay 9827144371



Ajay 9827144371

